तापमान
अधिकतम 26 .4 डिग्री
न्यूनतम 6 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर 2025


चिक मोहल्ले के कॉर्नर पर अवैध अतिक्रमण... 12


शिव महापुराण एक विलक्षण और दिव्यता से परिपूर्ण ग्रंथ 12

## खबर संक्षेप



### गोदाम डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**करनाल।** अपराध अन्वेषण शाखा असंध ने 2021 की चर्चित धान गोदाम डकैती के मुख्य आरोपी भजनलाल पुत्र हुक्मचंद, निवासी काल्लर भैणी (हिसार), को भोंडसी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 जनवरी 2021 की रात आरोपी ने साथियों के साथ शुभम लॉजिस्टिक कंपनी के धान गोदाम में लाठी-डंडों से हमला कर हथियार छीना और लगभग 315 कट्टे धान ले गए थे।

### घर में घुसकर मोबाइल चुराने वाले चोर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना बिलासपुर पुलिस की टीम ने गांव छौली में एक घर में घुसकर मोबाइल चुराने के मामले में आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी के मोबाइल बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बिलासपुर थाना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव छौली निवासी अमरनाथ ने शिकायत दर्ज करवाई कि दिनांक 23 नवंबर की रात को उसके गेट को खोलकर उसके लड़के व उसकी पुत्रवधू का मोबाइल फोन को कोई नाम पता नाम मालूम कर चोरी करके ले गया है।

### युवक पर सरिया व लोहे के पाइप से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की न्यू हमीदा कालोनी में चार लोगों ने एक घर में घुसकर युवक पर सरिया व लोहे के पाइप से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी उपकार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले इंदर सिंहए गुरदीपए बाबू व मंजीत के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

### बिजली का पोल गिरा करंट से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गंदे नाले के पास मंगलवार सुबह बिजली निगम का पोल अचानक सड़क पर गिर गया। वहीं, पोल पर लगे तारों की चपेट में आने से बाइक सवार उवेश निवासी देव नगर करंट लगने से झुलस गया। राहगिरों ने उवेश को सिविल अस्पताल ले गए, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने उवेश को मृत घोषित कर दिया। पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया पोल की चपेट में आने से उपेश की मौत हुई है।

## विभिन्न राज्यों के कलाकार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे

# ब्रह्मसरोवर के घाटों पर नजर आया देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ

विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति को देखकर दंग रह गए पर्यटक

*कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति से सबका मन मोह रहे है। महोत्सव के एक मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ देखने को मिला। इस लोक संस्कृति के महाकुंभ में जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, असम, राजस्थान, उत्तराखंड के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इन कलाकारों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला क्षेत्र पटियाला की तरफ से आमंत्रित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में सरस और शिल्प मेले में शिल्प कलाओं के साथ-साथ देश की लोक संस्कृति को देखने का एक बार फिर सुनहरी अवसर पर्यटकों को मिला है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े स्तर पर गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के साथ-साथ लोक संस्कृति का आनन्द लेने के लिये ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देश के कोने-कोने से पर्यटक पहुंच रहे हैं। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। एनजेडसीसी की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे है। इन तमाम राज्यों के कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति से सबका मन मोह रहे है। महोत्सव के एक मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है। यह कलाकार भी दर्शकों के हुजूम और उत्साह को देखकर मदमस्त होकर अपनी प्रस्तुति दे रहे है। इन कलाकारों के नृत्य के साथ देखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भी अपने-आपको को रोक नही पाता है और इन कलाकारों के साथ ही झूमने पर मजबूर हो जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है और यह कलाकार लगातार अपने-अपने प्रदेश की प्रस्तुति देकर पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है।


कुरुक्षेत्र। महोत्सव में खरीदारी करते पर्यटक।

### प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्ममनी कोल्हापुरी के श्रीकृष्ण पर आधारित कार्यक्रम ने महोत्सव में भरा श्रीकृष्ण रस



**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पद्मनी कोल्हापुरी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मंच से ब्रह्मसरोवर की फिजा में श्रीकृष्ण रस का रंग भर दिया। इस प्रसिद्घ फिल्म अभिनेत्री ने श्रीकृष्ण पर आधारित नाट्य मंचन और गायन पर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस सांस्कृतिक संध्या का पर्यटक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और जैसे ही प्रसिद्घ फिल्म अभिनेत्री पद्मनी कोल्हापुरी मंच पर पहुंची तो दर्शकों ने तालियां बजाकर दनका का अभिवादन किया। अहम पहलू यह है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों के पहले दिन फिल्म अभिनेत्री पद्ममनी कोल्हापुरी ने अपनी प्रस्तुति दी।

### वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से पर्यटकों का दिल जीतने का काम कर रहे कलाकार

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां चारों तरफ रौनक है, वहीं लोक कलाकार ब्रह्मसरोवर के किनारे अपने लोक वाद्य यंत्रों से पर्यटकों को लुभाने का काम कर रहे है। यह कलाकार वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों से सभी का दिल जीतने का काम कर रहे है। अहम पहलू यह है कि इस लोक वाद्य यंत्र बीन से निकलने वाली धुन ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल में मधुर स्वर लहरियों से नई तरंगे जागृत करने का काम कर रही है और ब्रह्मसरोवर के जल में उठ रही यह तरंगे ऐसे लग रही है जैसे वो भी इस माहौल में रमकर नृत्य कर रही हो। विभिन्न कलाकारों के बीच में से सपेरा बीन पार्टी अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महोत्सव में जगह-जगह घूम कर अपनी लोक वाद्य कला बीन का प्रदर्शन कर रही है। इस बीन पार्टी द्वारा लोगों का का मनोरंजन भी कर रहे है। पार्टी में शामिल बुजुर्ग कलाकार भी बीन बजा, तुम्बा और ढ़ोल बजा कर लोगों का ध्यान अपनी आकर्षित कर रहे है। उनकी इस कला के लिए वे कई बार सम्मानित भी हो चुके है। ये कलाकार अपनी इस कला का प्रदर्शन इटली और दुबई में भी कर चुके है और पिछले कई वर्षों से गीता महोत्सव में आ रहे है। उनकी कला के प्रति पर्यटकों का उत्साह और रुझान निरंतर बढ़ रहा है।

### हर समस्या का समाधान गीता: स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज



**कुरुक्षेत्र।** विश्व भर में जितनी भी समस्याएं हैं उन सबका समाधान गीता में है। हर प्रश्न का उत्तर गीता में निहित है। जरूरत है व्यक्ति का गीता का अनुसरण करे। भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध से पूर्व गीता का जो अमर संदेश दिया था वह अर्जुन के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए था। यह विचार स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने मंगलवार को सीनेट हाल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, विदेश मंत्रालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भगवद्गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भावना एवं स्वदेशी की प्रेरणा विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन 2025 के दूसरे दिन गोलमेज सम्मेलन में व्यक्त किए।

### हरियाणवी संस्कृति देखकर दंग रह गए विदेशी कलाकार



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग और जनसंचार एवं मीडिया प्रोद्योगिकी संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती में हरियाणा पवेलियन में मीडिया चौपाल पर उजबेकिस्तान, कजाकिस्तान और श्रीलंका कलाकारों की लोक कलाओं और कुटीर उद्योगों पर अपने विचार सांझा किए और हरियाणवी संस्कृति के बहुआयामी रंग देखकर सभी विदेशी कलाकार दंग रह गए।


अंबाला। वर-वधु को आशीर्वाद देते सीएम नायब सैनी व अन्य।

## मुख्यमंत्री ने विवाह समारोह में की शिरकत, वर-वधु को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार देर रात यहां पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने एक पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत की। बता दें कि मुख्यमंत्री ने जंग बहादुर सैनी की सुपुत्री के विवाह समारोह में पहुंच कर नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य, सुखद वैवाहिक जीवन और दीर्घ आयु की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी व अन्य परिजन भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवनभर के साथ, सम्मान और जिम्मेदारी का पवित्र बंधन है। उन्होंने कहा कि विवाह संबंधों में प्रेम, विश्वास, धैर्य और समझदारी सबसे महत्वपूर्ण आधार होते हैं और इन्हीं मूल्यों पर एक सशक्त परिवार की नींव रखी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना पर आधारित है।

### समाज में पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण आवश्यक

विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं बल्कि दो परिवारों के एकीकरण का अवसर है। नए परिवार की शुरुआत में संस्कार, परंपराएं और आपसी सम्मान अहम भूमिका निभाते हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह विवाह जीवनभर प्रेम, विश्वास और समृद्धि से परिपूर्ण रहे। उन्होंने कहा कि समाज में पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और मजबूत राष्ट्र का आधार बनते हैं। मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों, अतिथियों और आम लोगों से आत्मीय मुलाकात की और सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के भाई चंदन सैनी, नंबरदार सुरेश पाल, पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल व सुभाष सुधा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला प्रधान मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम दर्शन कुमार व एसडीएम विनेश कुमार, बीनू गर्ग, रितेश गोयल

### घोड़ा टिप्पर की चपेट में आने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव कालेसर के नजदीक घोड़ा टिप्पर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात घोड़ा टिप्पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कडकोली निवासी सोहन ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके चाचा का लड़का रविंदर 23 नवंबर को रात 10 बजे काम से घर लौट रहा था। जब वह गांव कालेसर के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे घोड़ा टिप्पर ने उसके चाचा के लड़के रविंदर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे रविंदर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी घोड़ा टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने परिजनों को हादसे के बारे में सूचित किया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात घोड़ा टिप्पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विकास के नाम पर धूल फांक रही जनता

- प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने टूटी सड़कों की उड़ती धूल से प्रदूषित होते वातावरण को लेकर जताई चिंता, अफसरों को स्थिति के लिए ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की निरंतर प्रदूषित होती फिजा को लेकर प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने बेहद चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण से वातावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। इसकी वजह से लोग कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जैन की मानें तो लोग विकास के नाम पर धूल फांकने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि तारकोल की सड़कों की तारकोल का ही इस्तेमाल नहीं हो रहा है। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से सड़कों की गुणवता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। उन्होंने सड़कों के निर्माण में हो रही गड़बड़ी की जांच उच्चस्तरीय कमेटी से करवाए जाने की भी मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से अंबाला शहर में विकास की बयार बहने के दावे किए जा रहे हैं। मगर ये बयार लोगों के लिए मुसीबत बन गई। पूरा त्यौहारी सीजन यह मिलावटी विकास लोगों के लिए बीमारी का घर बन गया। उन्होंने कहा कि खुद की जेब गर्म करने के लिए विकास के नाम पर पुरानी मजबूत सड़कों को तोड़ा जा रहा है। फिर इन टूटी सड़कों को ऐसे ही छोड़कर दोपहिया वाहन चालकों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। इन टूटी सड़कों स उड़ने वाली धूल राहगीरों के साथ आसपास के दुकानदार फांकने को मजबूर किए रहे हैं।

### बार-बार तोड़ी जा रही सड़कें



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित की मानें तो कई सड़कों को विकास के नाम पर बार-बार तोड़ा जा रहा है। निर्माण के बाद फिर उसे तोड़ कर नया बनाया जाता है। ऐसी कई पुरानी मजबूत सड़कें हैं जिन्हें तोड़कर कई बार बनाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अंबाला शहर में दीन दयाल उपाध्याय चौक से मानव चौक तक हाल ही में सड़क का निर्माण किया गया। उन्होंने बताया कि इस सड़क को नए सिरे से बनाने की जरुरत नहीं थी। यह सड़क पहले से मजबूत थी सिर्फ कुछेक जगह रिपेयर करने से काम चल जाता। मगर इस सड़क को तोड़ने के बाद जितनी दिक्कत लोगों को हुई शायद इतना दर्द किसी को नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सड़क के तोड़े जाने से वाहन चालक बेहद परेशान हुए। दिनभर उड़ती धूल वाहन चालकों के बेहद मुसीबत बन रही। मानव चौक से कोर्ट रोड तक सड़क निर्माण के बाद पहले लीपापोती की गई। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से विकास के नाम पर अच्छी भली सड़कों को तोड़ा जा रहा है उससे लोगों की जिंदगी पर बुरा असर पड़ना तय है।

### एक्यूआई 200 पार

डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि सड़कों के निर्माण से फिजा में घुल रही धूल की वजह से यहां एक्यूआई भी 200 पार कर गया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद बुरी स्थिति है। इस प्रदूषण का सीधा असर बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों के साथ जवानों के फेफड़ों पर भी पड़ रहा है। फेफड़ों के साथ प्रदूषित वातावरण से आंखें, त्वचा समेत लोगों के शरीर के कई दूसरे अंग भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तो आने वाले दिनों में कई तरह की बीमारियां लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाएंगी।

# महीने से पुलिस ने दर्ज नहीं किया, महिला बोली, लिफ्ट के बहाने युवक ने किया था दुष्कर्म

## निरंतर शिकायतों के बावजूद पुलिस पर जांच के नाम पर लीपापोती का आरोप

- पीड़िता ने मामले की शिकायत डीजीपी, एसपी और मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक भेज दी लेकिन आज तक न्याय नहीं मिल सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक महिला ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि पिछले साल उसके साथ एक युवक ने रेप किया। दूसरे आरोपी ने छेड़छाड़ की लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने मामले की शिकायत डीजीपी, एसपी और मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक भेज दी लेकिन आज तक न्याय नहीं मिल सका। अब महिला ने चेतावनी दी है कि अगर मुझे कोई नुकसान हुआ तो पुलिस इसके लिए जिम्मेदार होगा। पीड़िता के अनुसार घटना जुलाई 2024 की है। देर रात करीब 3 बजे वह अपने घर बरेली जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान जंडली पुल के पास पिकअप वाहन सवार 2 युवक उसके पास आए। उसे कैंट रेलवे स्टेशन छोड़ने की बात कही। महिला ने भरोसा करते हुए उनके साथ वाहन में बैठने का निर्णय लिया।

### पुलिस जांच करने से बचती रही

आरोप है कि कुछ ही दूरी जाने के बाद आरोपियों ने उसका रास्ता बदल दिया और पीड़िता के साथ रेप किया। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल भी किया गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे अंबाला कैंट स्टेशन के पास उतार दिया और फरार हो गए। महिला तुरंत पुलिस के पास पहुंची और बलदेव नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पीड़िता का दावा है कि पुलिस ने गंभीर अपराध होने के बावजूद एफआईआर दर्ज करने में देरी की और जांच शुरू करने से बचती रही। एक साल के भीतर महिला ने डीजीपी, एसपी , सीएम ऑफिस, यहां तक कि प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंचा दी। इसके बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बलदेव नगर थाने के पुलिसकर्मियों ने उल्टा उसके साथ मारपीट की। उसे बयान दर्ज कराने और इंसाफ मांगने पर धमकाया भी गया।



## केंद्रीय मंत्री मनोहर ने छह बडे गांवों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

### ग्रामीण अंचल का गुणवत्ता वाला विकास तय वक्त में हो

**पानीपत।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार की सुबह गांव मडलौडा में हरियाणा के केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार के आवास पर छह गांवों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में गांवों में चल रही उन्नति परियोजनाओं की प्रगति जानी गई और आने वाले समय में इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं मनोहर लाल ने बताया कि मडलौडा, नौल्था, बराना, आसन, बापौली और चुकलाना गांव में ग्राम सचिवालय, पार्क एवं योगशाला, शिवधाम का विकास, फिरनी की सडक़ें व नाले, स्कूलों की स्थिति, स्ट्रीट लाइट, तालाब, सीवरेज सिस्टम और लाइब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं ग्रामीण उन्नति की रीढ़ हैं और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। मनोहर लाल ने फोन पर चंडीगढ़ मुख्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों से भी सीधी बातचीत की और निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हों। मंत्री लाल ने बताया कि इन परियोजनाओं की निगरानी के लिए सक्षम और जिम्मेदार व्यक्तियों की एक कमेटी बनाई गई है, जो जमीन स्तर पर प्रगति पर नजर रख रही है।

## कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर दिखा आस्था का संगम, कई राज्यों से पहुंचे लोग

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर समागम में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के समागम से धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा और पवित्र हो गई। इस पावन धरा पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से शहीदी दिवस का आयोजन प्रदेश सरकार की तरफ से किया गया। इस समागम में हरियाणा प्रदेश के हर जिले के साथ-साथ आस पास के राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका है। कुरुक्षेत्र के गांव ज्योतिसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर प्रदेश सरकार की तरफ से बहुत बड़े स्तर पर समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे। इस समागम में प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए। इस समागम स्थल में हजारों लोगों के लिए भव्य और सुन्दर समागम स्थल तैयार किया गया। इस समागम स्थल के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था गुरुद्वारा साहिब और संत जनों द्वारा की गई। इतना ही नहीं जोड़ा घर तैयार किए गए और हर प्रकार की व्यवस्था प्रशासन की तरफ से की गई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार और मार्गदर्शन में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर समागम के प्रबंध किए गए। इन प्रबंधों की सभी श्रद्धालुओं ने सराहना की है।


कुरुक्षेत्र। लंगर तैयार करते सेवादार।

### पटियाला से आए 350 विद्यार्थियों ने किया शब्द कीर्तन

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के समागम में पटियाला के प्ले-वे सीनियर सैकण्डरी स्कूल के 350 विद्यार्थी पहुंचे। इन में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म के विद्यार्थी शामिल थें। इन विद्यार्थियों ने पूरी मयार्दा के साथ एक स्वर में करीब आधा घंटा शब्द कीर्तन की प्रस्तुति दी।

### सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए की लगभग 4 हजार बसों की व्यवस्था

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर ज्योतिसर में हुए समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार की तरफ से 4 हजार बसों की व्यवस्था की गई थी। इस समागम में प्रदेश के ही नहीं आस पास के राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इन श्रद्धालुओं के लिए समागम स्थल के साथ ही पार्किंग स्थल पर लाया गया।

### गुरुद्वारा साहिब और संतों के प्रयासों से लाखों लोगों के लिए की लंगर की व्यवस्था

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर लंगर सेवा करने के लिए कुरुक्षेत्र के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब संतों के प्रयासों से लाखों लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। इस समागम में दर्जनों एकड़ भूमि पर लंगर हॉल बनाए गए और हजारों लोगों ने लंगर चखा। इस लंगर सेवा के लिए गुरुद्वारा साहिब और अन्य संस्थाओं से हजारों की संख्या में सेवादारों ने श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया। सभी श्रद्धालुओं ने लाईनों में लगकर अनुशासन के साथ पूरी मर्यादा के साथ लंगर चखा।

## खबर संक्षेप

### सीआरएसयू और संगठन के बीच हुआ एमओयू

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि एवं महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वाइस चांसलर डा. रामपाल सैनी, यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन, संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला, प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग इंचार्ज डा. अनुपम भाटिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आईटीआई में मेगा जॉब फेयर पांच को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में पांच दिसंबर को आयोजित होने वाला मेगा जॉब फेयर एवं अप्रेंटिसशिप कम रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए बड़े अवसर लेकर आ रहा है। राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य नरेश पांचाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में प्रदेश और अन्य राज्यों की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं।

### स्कूल का ताला तोड़कर बैटरी और इन्वर्टर चोरी

**जींद।** गांव गोसाई खेड़ा राजकीय स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर बैटरी, इंन्वर्टरों का चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गोसाई खेड़ा राजकीय स्कूल की मुखिया कांता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर तीन बैटरी तथा तीन इन्वर्टर को चोरी कर लिया।

### स्वास्थ्य से संबंधित मासिक बैठक का आयोजन

जींद। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में वार्ड नंबर 30 जींद की कबीर बस्ती में स्वास्थ्य से संबंधित मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड की अनेक महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद सतीश हरियाणवी ने शिरकत की। कहा कि बीमारियों से बचने के लिए अपने शरीर, कपड़े, घर व आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें ताकि मच्छर ना पैदा हों और बुखार व मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से बचा जा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक महिला अपना बीपी, शुगर व अन्य शारीरिक चैक अप जरुर कराएं, जो फ्री में किया जाता है।

### शिविका और आरती ने आध्यात्मिक मार्ग पर किया जीवन समर्पित

# त्याग, अनुशासन और सेवा का यह मार्ग साधारण नहीं: विधायक

समारोह में शिवलिंग पर जयमाला अर्पित कर आध्यात्मिक जीवन की औपचारिक शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सेक्टर-7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिविका और आरती के समर्पण दिवस पर शनिवार को आध्यात्मिक माहौल से भरपूर भव्य समारोह आयोजित किया गया। दोनों बहनों ने जीवन को पूर्णतः परमात्मा शिव के चरणों में समर्पित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजयोग साधक, सामाजिक प्रतिनिधि, महिलाएँ एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में सर्वप्रथम दोनों बहनों ने शिवलिंग पर जयमाला अर्पित कर आध्यात्मिक जीवन की औपचारिक शुरुआत की। इसके बाद सभा में उपस्थित लोगों ने उनके निर्णय का स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।





करनाल। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित अध्यात्मिक समारोह में मौजूद विधायक भगवानदास कबीर पंथी और प्रस्तुति देती छात्राएं।

### विधायक ने दोनों बहनों को दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि ऐसा समर्पण अत्यंत साहसिक और पवित्र निर्णय है। उन्होंने कहा कि त्याग, अनुशासन और सेवा का यह मार्ग साधारण नहीं होता और इन दोनों बहनों ने जो कदम उठाया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। विधायक ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनका जीवन समाज उत्थान का उदाहरण बनेगा। समारोह में सर्वप्रथम दोनों बहनों ने शिवलिंग पर जयमाला अर्पित कर आध्यात्मिक जीवन की औपचारिक शुरुआत की।

### आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझाया

वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में उपस्थित राजयोगिनी पुष्पा दीदी, राजयोगिनी प्रेम दीदी, बी.के. रेणू, बी.के. संगीता, बी.के. सुदेश तथा अन्य बहनों ने संयुक्त रूप से कहा कि समर्पण का वास्तविक अर्थ है—आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझकर जीवन को शुद्ध विचारों, सेवा और साधना के पथ पर अग्रसर करना। उन्होंने कहा कि शिविका और आरती ने यह निर्णय पूर्ण श्रद्धा, विश्वास और आत्मिक समर्पण के साथ लिया है, जो संगठन के लिए गर्व की बात है।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और भक्ति-गीतों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों रीतिका, तवीशी, आरती, खुशी और लक्षिता ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि रितेश, विक्रांत और हिमांशु ने समूह नृत्य से वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। मंच का संचालन ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने अत्यंत सहजता से किया। सभा में आए लोगों का स्वागत गुलदस्तों और अंगवस्त्रों से किया गया। समारोह के उपरांत सभी के ब्रह्मा-भोजन की विशेष व्यवस्था की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारद्वाज नरवान, शिव नरवान, शीला देवी, आर.के. राणा, के.के. चावला, सिमरन चौधरी, सुनीता मदान, नेहा अरोड़ा, आर.एन. अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। दोनों बहनों ने अपने अनुभव बाँटते हुए कहा कि वे समाज सेवा, आध्यात्मिक अध्ययन और राजयोग साधना को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाकर आगे बढ़ेंगी।

# इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं एक दिसंबर से होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



■ करनाल में 3 परीक्षा केंद्र, क्षेत्र में कुल 33 केंद्र स्थापित

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर–जनवरी सत्रांत परीक्षाएँ 1 दिसंबर 2025 से आरंभ होकर 14 जनवरी 2026 तक चलेगीं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इस परीक्षा सत्र के लिए हरियाणा में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 10 केंद्र विभिन्न जिलों की जेलों में स्थापित किए गए हैं। करनाल जिले में इस बार तीन परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं—करनाल जेल, बुद्धा कॉलेज और विनायक पॉलिटेक्निक। परीक्षाएँ दो सत्रों में होंगीः पहला सत्र सुबह 10 से 1 तक और दूसरा सत्र दोपहर 2 से 5 बजे तक रहेगा।

डॉ. धर्म पाल ने बताया कि सभी केंद्रों पर व्यवस्थित और सुचारू परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध कर दिए गए हैं। इसके लिए परीक्षा नियंत्रकों का एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### पोस्टर मेकिंग मे कुलजीत ने पाया प्रथम स्थान



इंद्री। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में मानसिक स्वास्थ्य एवं विकलांगता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर मानसिक स्वास्थ्य एवं विकलांगता विषय से संबंधित पोस्टर बनाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है जिसकी वजह से विद्यार्थी अपने आप को दबाव में महसूस करते हैं जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस तरीके की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों मे उत्साह का निर्माण करती है। उन्होंने अपने संबोधन में विकलांगता को मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए समाज में जागरूकता फैलाने पर बल दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अनिल कुमारी, डॉ अनीता व प्रो रीना सैनी ने की। इस अवसर पर डॉ मीनाक्षी ने विद्यार्थियों को आह्वान करते हुए कहा कि वे विकलांग बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर एक समावेशित समाज बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



### बाल अधिकार सम्मेलन में बाल श्रम पर सख्ती

**करनाल।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा कर्ण झील स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में बाल अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पायल शर्मा (बाल श्रम उन्मूलन प्रकोष्ठ प्रमुख) ने कहा कि 14 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों से जोखिम भरा कार्य कराना पूरी तरह दंडनीय है और इसमें अभिभावकों की सहमति भी अपराध मानी जाती है।उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय को बच्चों के विज्ञापन में उपयोग की अनुमति देने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार केवल उपायुक्त के पास रहेगा। मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) की कड़ी पालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।अनिल लाठर और मांगे राम (हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण, सकारात्मक घर-विद्यालय माहौल और आत्मविश्वास देने की जिम्मेदारी अभिभावकों व शिक्षकों की है। कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी, बाल संरक्षण संस्थाओं के सदस्य और सी.डब्ल्यू.सी. व किशोर न्याय बोर्ड प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मूनक व सालवन में विकास कार्यों की समीक्षा की, कई मंजूरियां दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को करनाल जिले के गांव मूनक व सालवन का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं पर कार्य जारी है, उन्हें निर्धारित समय से पहले पूर्ण करने का प्रयास किया जाए ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। मूनक के अंबेडकर भवन में पंचायत समिति के साथ बैठक में उन्होंने गांव की आवश्यकताओं और विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सबसे पहले गांव में चल रही लाइब्रेरी की स्थिति जानी, जिस पर सरपंच ने लाइब्रेरी के लिए कंप्यूटर उपलब्ध करवाने की मांग रखी।



मंत्री ने पानी निकासी, तालाब सौंदर्यीकरण तथा सिंचाई व्यवस्था पर जानकारी ली और सिंचाई विभाग द्वारा लगभग तीन किलोमीटर लंबे कच्चे नाले को पक्का करने के कार्य को मंजूरी प्रदान की।

### नौ गांवों को केंद्रीय मंत्री ने गोद लिया

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि करनाल जिले के 9 बड़े गांवों को उन्होंने गोद लिया है और ग्रामीणों की मांगों के अनुसार इन गांवों में सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन, खेल मैदान व अन्य सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर को बेहतर बनाना उद्देश्य है। दौरे में पूर्व सांसद संजय भाटिया, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, मूनक सरपंच फूल कुमारी आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर प्रणाली पर कांग्रेस का हमला

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), करनाल ने चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई एस.आई.आर. प्रणाली को लोकतंत्र पर सीधा खतरा बताते हुए इसकी तत्काल बंदी की मांग की है।

कांग्रेस ने कहा कि बीते 19 दिनों में 6 राज्यों में 16 बी.एल.ओ. कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह प्रणाली कर्मचारियों पर असीमित दबाव और तनाव पैदा कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार गुजरात और मध्य प्रदेश में 4-4, पश्चिम बंगाल में 3, राजस्थान में 2 तथा केरल व तेलंगाना में 1-1 बी.एल.ओ. की मौत दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश में 24 घंटे के भीतर दो मौतें होने को कांग्रेस ने प्रशासनिक क्रूरत बताया।

# लाडवा में प्रदेश स्तरीय गुरु सेन महाराज का जयंती समारोह चार दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



लाडवा में प्रदेश स्तरीय गुरु सेन जी महाराज की जयंती समारोह चार दिसंबर को बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाई जा रहा है। जिसको लेकर खंड घरौंडा की सेन धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से कैश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर ने शिरकत की। बैठक में घरौंडा सेन समाज ने लाडवा टीम को आश्वासन दिया कि जयंती समारोह में पूरा सहयोग दिया जाएगा और काफी लोगों का एक जत्था लाडवा पहुंचेंगा।

कैश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर ने बताया कि चार दिसंबर को लाडवा में एक प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह मनाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह को लेकर पूरे प्रदेश के सेन समाज में पूरा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने सेन समाज के लोगों को आह्वान किया कि लाडवा में आयोजित जयंती समारोह में पहुंच कर संत श्री गुरु सेन जी महाराज की नमन करे और समाज को मजबूत करने का काम करे। चार दिसंबर को पूरे प्रदेश में गुरु सेन जी महाराज जयंती समारोह मनाया जाता है। जिसको लेकर घरौंडा सेन धर्मशाला में चार दिसंबर को सेन धर्मशाला में हवन यज्ञ होगा और प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



करनाल। कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### महिला सुरक्षा दिवस पर किया जागरूक

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ, आंतरिक शिकायत समिति और लिंग लेखा परीक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या मीनू शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति हिंसा, छेड़छाड़ और उत्पीड़न के मामले चिंताजनक गति से बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार का अन्याय सहन करना अन्याय को बढ़ावा देना है। इसके बाद एक विचार-सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने लैंगिक समानता, आत्मसम्मान और सुरक्षा से जुड़े अपने अनुभव और विचार साझा किए। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं—डॉ. मंजू सिंह, डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. कंवलजीत विरदी और डॉ. नादिया चौहान—ने छात्राओं को कानून, शिकायत प्रक्रिया और आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं और शिक्षकों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया।

# चीनी मिलों के 50वें पेराई सत्र का शुभारंभ, देश में 150 नई मिलों की तैयारी : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल सहकारी चीनी मिल के 50वें तथा शाहबाद मिल के 42वें पेराई सत्र का शुभारंभ सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के ऑनलाइन संबोधन से हुआ।

उन्होंने कहा कि देश में 150 नई चीनी मिलें स्थापित करने की योजना तैयार है और हरियाणा में नारायणगढ़ की सहकारी मिल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को देश की सबसे ऊँची दर—415 रुपये (अगेती) और 408 रुपये (पछेती)—देकर राहत दी है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की सहायता के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएँ लागू करने पर भी विचार चल रहा है।



### आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझाया

इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि करनाल चीनी मिल सल्फर रहित परिष्कृत चीनी उत्पादन के मामले में देश में अग्रणी है और किसानों को सुविधाएँ पहले से बेहतर की गई हैं। शुगर फेडरेशन के प्रबंध निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह, करनाल मिल की प्रबंध निदेशक अदिति तथा शाहबाद में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल और विधायक रामकरण काला की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सबसे पहले गन्ना लाने वाले किसानों जगमीत (फूसगढ़), कौशल (सदरपुर) और नरेश (सदरपुर) को सम्मानित किया गया। नई तकनीक से खेती करने वाले किसानों को भी प्रोत्साहित किया गया।



### कश्यप राजपूत पंजाबी सोसायटी के मेले की तिथियां घोषित

करनाल। कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसायटी की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वार्षिक मेले की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 का वार्षिक मेला 28 और 29 मार्च को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में सोसायटी के पदाधिकारियों और विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय प्रधान अनूप कश्यप भारद्वाज ने बताया कि यह मेला समाज की संस्कृति, परंपराओं और एकता का प्रतीक है और प्रत्येक वर्ष इसे नए स्तर पर ले जाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में धार्मिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मान, पारंपरिक रीति-रिवाजों का प्रदर्शन और सामूहिक मिलन जैसे विविध कार्यक्रम शामिल किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष इस मेले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई थी। महासचिव अश्वनी कुमार, उपाध्यक्ष सोनू, कैशियर श्याम सुंदर, नारी शक्ति अध्यक्ष शक्ति देवी, पंडित अनिल शर्मा, अमरजीत कालू, गुरदीप टांक, प्रताप कश्यप आदि रहे।

### आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में एसडीएम सत्यवान मान ने 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की और सभी विभागों को निर्देश दिए कि इस वर्ष संविधान दिवस को व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाए। क्योंकि ये हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान वर्षभर चलाए गए राष्ट्रीय अभियान का समापन भी है। बताया कि संविधान दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम प्रातः 11 बजे सीआरएसयू के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जबकि उपमंडल पंचायत तथा ग्राम स्तर पर भी विशेष कार्यक्रम होंगे। अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन जिलेभर में डिजिटल तथा भौतिक दोनों माध्यमों से कराया जाएगा।

### नौवीं पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में पंचमी पर्व का किया आयोजन

# रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नौंवी पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में पंचमी पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का जनसैलाब उमड़ा। पंचमी पर्व के अवसर पर गुरु का सुंदर दरबार सजाया गया। दूर-दराज से रागी जत्थों भाई सूबा सिंह, लखविंद्र सिंह, कथावाचक सर्बजीत सिंह लुधियाना व कथावाचक राणा प्रताप सिंह ने पहुंचकर गुरू की महिमा का बखान किया। हजारों श्रद्धालुओं को गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया। हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर के नेतृत्व में कमेटी की ओर से पंचम पर्व के लिए पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। पंचमी पर तरावड़ी के गुरुद्वारे में हजारों श्रद्धालुओं को जनसैलाब पहुंचा। श्रद्धालु दूर-दूर से सरोवर में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। बता दें कि हर महीने अमावस्या के पांचवें दिन तरावड़ी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में पंचम पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मंगलवार को भी यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु गुरू के समक्ष नतमस्तक हुए। श्रद्धालुओं ने यहां गुरू का लंगर भी ग्रहण किया। पंचमी पर्व के अवसर पर रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए गुरूओं का महत्व बताया। इस अवसर पर सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी, गुरविंद्र सिंह नौखरिया, अमरजीत सिंह, रिंकू खुराना, मेहताब सिंह, बिट्टू मंगू, हरप्रीत सिंह चीमा, विरेंद्र सिंह





करनाल। नौंवी पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में पंचमी पर्व पर लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु और सेवा करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गीता जयंती समारोह 28 नवंबर से

**पानीपत।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव इस वर्ष 28 नवंबर से एक दिसंबर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आर्य महाविद्यालय ग्राउंड में होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ शहर की धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### नारी का सम्मान करें: उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस हमें यह संदेश देता है कि महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक या डिजिटल पूरी तरह अस्वीकार्य है और कानून की नजर में गंभीर अपराध है। महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना प्रशासन, पुलिस और समाज की सांझा जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे हिंसा या उत्पीडन की किसी भी घटना की सूचना तुरंत 1091, 181, 112 या स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन को दें।

### गुरु तेग बहादुर को याद किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस और सर छोटू राम जयंती पर दोनों महान पुरूषों को श्रद्धांजलि दी ई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.अशोक आर्य ने गुरु तेग बहादुर और सर छोटू राम की जीवनी की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हनुमान कॉलोनी क्षेत्र में सीवर की सफाई करवाई

**समालखा।** समालखा में लाइनपार वार्ड नंबर 16 में राजस्थान कॉलोनी में नारायण रोड फाटक से हनुमान कॉलोनी क्षेत्र में सीवर की सफाई करवाई गई। सीवर की सफाई होने से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली।

### लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 की चेयरमैन पूजा गोयल की देखरेख में ऑरेंज कैंपेन चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण तथा लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जागरूक करना है। वहीं नारी समाज को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। वहीं, कार्यक्रम में सीमा चोपड़ा, अंजलि दिलोरी, भूमिका गुप्ता, रेखा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

- उपरोक्त मामले में राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र में डेयरी में घूसकर युवक को गंडासी व डंडों से गंभीर चोट मारने के मामले में साढ़े चार महिने से फरार चल रहे चौथे आरोपी महादेव कॉलोनी निवासी आरोपी राम प्रसाद उर्फ राम ने पुलिस की दबिश के चलते सोमवार को माननीय न्यायालय में सरेंडर कर दिया। वहीं, थानेदार किला नीरज ने बताया कि उपरोक्त मामले में राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी

हर्बल बॉटनिकल गार्डन विद्यार्थियों के लिए प्रत्यक्ष अध्ययन व अनुप्रयुक्त ज्ञान का स्रोत बनेगा

## ग्रीनमैन दलजीत ने निजी कोष से राजकीय कॉलेज में हर्बल बॉटनिकल गार्डन स्थापित किया

- एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय महाविद्यालय के टीचर्स व स्टूडेंट्स को पौधे भेंट करते ग्रीनमैन प्रो .दलजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय बडौता, जिला सोनीपत में एनएसएस हर्बल बॉटनिकल गार्डन स्थापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार ने और कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस प्रभारी सहायक प्रोफेसर साहिल सभरवाल ने किया। ग्रीनमैन दलजीत ने बताया कि इंसुलिन, ढाक, सिंदूर, जंगलजलेबी, रोजमेरी, पिलखन, कचनार, पीपल, आम, केला, दो प्रकार इन्सुलिन, आठ प्रकार की तुलसी, वैजयंती, दो प्रकार की चंपा, दालचीनी, मल्टीस्पाइसिस प्लांट, अजवाइन, लाल चंदन, दो प्रकार का गुड़हल, सहजन, कढी पत्ता, लौहकाट, अंजीर, अपराजिता, तेजपत्ता, नागदोन, बॉटल पाम, मौसमी, माल्टा, लीची, अनार, आड़ू, कपूर, नाशपाती, आम, ताइवानी, अमरूद, बबूगोसा, ढाक, बच, सफेद मूसली, हरसिंगार, आंवला, नीम, अर्जुन, बरगद, सुख-शांति, सहजन, मेहंदी, कश्मीरी गुलाब, इंग्लिश गुलाब, देशी गुलाब, गेंदा, सम्मी, इमली सहित सौकड़ों पौधे रोपित करके महाविद्यालय को एनएसएस हर्बल बॉटनिकल गार्डन निजी कोष से स्थापित किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह हर्बल बॉटनिकल गार्डन विद्यार्थियों के लिए प्रत्यक्ष अध्ययन व अनुप्रयुक्त ज्ञान का स्रोत बनेगा, वहीं, अध्यापकों व विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना और बढ़ेगी। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। इधर, पानीपत से संदीप कल्याणी, नवनीत कुमार ने भी इस परियोजना में अपना सहयोग देकर उद्यान के निर्माण में मदद की। इस दौरान समारोह में प्रो. डॉ सुशील दलाल नेकी राम राजकीय कॉलेज रोहतक, जगबीर दलाल, डॉ. सरिता मलिक, डॉ. विनोद कुमार, राजकुमार आदि उपस्थित रहे। जबकि एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र भेंट किए गए।



पानीपत। अस्मिता रग्बी लीग के विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।

# अस्मिता रग्बी लीग में पानीपत ने ट्राफी जीती

## विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जनता स्कूल, बुटाना जिला सोनीपत में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग में पानीपत की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ चार ट्रॉफी अपने नाम की हैं। विजेताओं को जनता शैक्षणिक संस्थाओं के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान व भाजपा नेता प्रदीप सांगवान ने ट्रॉफी एवं पदक देकर सम्मानित किया। इधर, पानीपत रग्बी की अध्यक्षा बबीता सिंह, कोच अमन मलिक सचिव अभिषेक मलिक ने विजेता टीमों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में पानीपत नलवा स्कूल की अंडर 12 बालिकाओं ने दूसरा, अंडर 15 में नलवा स्कूल एवं पाइट संस्कृति स्कूल हुडा की टीम ने चैंपियनशिप ट्रॉफी, सीनियर महिलाओं में पानीपत के ग्लैडिएटर रग्बी क्लब ने चैंपियनशिप ट्रॉफी तथा पानीपत रग्बी टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पानीपत खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी धुरंधर हुड्डा, पाइट स्कूल के चेयरमैन सुरेश तायल, राकेश तायल, प्राचार्या वैशाली भाटिया, रेखा बजाज, नलवा इंस्टीट्यूट्स के अध्यक्ष बलकार सिंह, प्राचार्य सरीन रावल, नलवा कॉलेज के प्राचार्य राजेश पालीवाल, पानीपत रग्बी संघ की उपाध्यक्ष ऊषा सैनी, कोषाध्यक्ष अजय मलिक, सीमा जून, विजय मलिक व प्रियंका ने विजेता खिलाडियों व कोचस आदि को बधाई दी।

# रोगियों व घायलों के लिए रक्तदान किया




पानीपत। जन सारथी फाउंडेशन सोसाइटी के पदाधिकारी, रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए।

- मनुष्य को हर तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए

**पानीपत।** जन सारथी फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा केशव एक्सपोर्टस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं समाजसेवी शंभु लखीना व रजत लखीना मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। इसलिए मनुष्य को हर तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जन सारथी के अध्यक्ष बृज मोहन शर्मा ने कहा कि जैसे जैसे इंसान तरक्की के रास्ते पर बढ़ता गया जीवन से जुडी हर समस्याओं को जाना और इसको दूर करने के लिए नित नये आविष्कार भी किये लेकिन जीवन रूपी इस शरीर को चलाने के लिए हमें जिस रक्त की आवश्यकता पड़ती है वह नहीं बना पाया। वहीं, रक्तदान जीवनदान है। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.पूजा, ममता, प्रीति, सचिन रावल, नीरज, किशना, पवन व विशाल आदि उपस्थित रहे।

# पानीपत में रिंग रोड बनाई जाएगी

- सड़क सुरक्षा वाहन पॉलिसी की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। जिला सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी एंड सुरक्षा वाहन पॉलिसी को लेकर बैठक हुई। बैठक में 26 सूत्रीय एजेंडा पर एक एक करके विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा कार्यों और चल रहे प्रोजेक्ट्स की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं, डॉ दहिया ने कहा कि दुर्घटना प्रबंधन और रोकथाम जिले की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विभाग अपने स्तर पर त्वरित और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने चेताया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों के पास लंबित कार्य हैं, वे तय समय सीमा में हर हाल में पूरा करें। कार्य की कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### रिफ्लेक्टर टेप लगाना अनिवार्य

उपायुक्त डॉ. दहिया ने जीटी रोड पर कैमरे लगाने, सड़क चौड़ीकरण, पुरानी दुर्घटना संभावित जगहों के सुधार, नहर किनारे रेलिंग लगाने, शहर की मुख्य सड़कों की मरम्मत और रिफाइनरी रोड सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एक अलग रेहड़ी मार्केट विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। वहीं, बैठक में शहर में बढ़ते दबाव को देखते हुए रिंग रोड बनाए जाने पर भी जोर दिया गया, जिससे भारी वाहनों को शहर में प्रवेश न करना पड़े और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रात के समय दिखाई देने के लिए रिफ्लेक्टर टेप लगाना अनिवार्य किया गया। जबकि जीटी रोड से सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग हटाने, सेक्टर 13-17 की पार्किंग व्यवस्था सुधारने और समालखा क्षेत्र में जलभराव की समस्या खत्म करने के भी निर्देश दिए गए।

# गुरु तेग बहादुर की याद में श्री सहजपाठ किया

- कार्यक्रम में भाई गुरु मुख द्वारा गुरबाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा। पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों को सरोपा भेंट करते हुए जगतार सिंह बिल्ला। फोटो : हरिभूमि

समालखा में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर मॉडल टाउन गुरुद्वारा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से श्री सहजपाठ साहिब के भोग पाए गए। कार्यक्रम में भाई गुरु मुख द्वारा गुरबाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया। वहीं, कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु तेग बहादुर की वीरता, त्याग, बलिदान से भरी जीवनी की जानकारी देते हुए नागरिकों से अपील की कि वे गुरू तेग बहादुर की तरह धर्म प्रेमी बन कर देश, समाज, मानवता की सेवा करे। दूसरी ओर, पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने गुरु चरणों में मत्था टेका। वहीं, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों को सरोपा भेंट किया। इस अवसर पर पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान संजीव अनेजा, अमनदीप, श्याम सुंदर बरेजा, ज्ञानचंद तनेजा, देवेंद्र खन्ना, राजेश कपूर, हीरा सिंह, अनिल अरोड़ा, अनिल बेनीवाल, अशोक मेहंदी रत्ता, तिलक बत्रा, मदन धमीजा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने फिल्म का अवलोकन किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नथानिएल हॉथोर्न द्वारा रचित 'द स्कारलेट लेटर' विषय पर फिल्म को प्रदर्शित किया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि साहित्य को स्याही और सिनेमा को प्रकाश समाज से प्राप्त होता है। स्याही को साहित्य निखारता है जबकि प्रकाश को सिनेमा सतरंगी बनाता है। इसके बाद जो दिखता है वही फिल्म है। इस अवसर पर अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया, डॉ. निधि, डॉ. स्वाती पुनिया, डॉ. नेहा पुनिया, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. प्रिया, प्रो. राहुल व प्रो. दीप्ति शर्मा भी मौजूद रहे।

### जयपुर फुट सेवा शिविर छह से

**पानीपत।** पानीपत प्रशासन की पहल पर पानीपत में पांच, छह व सात दिसंबर को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग, कैलिपर और अन्य सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर (नई दिल्ली ब्रांच) द्वारा आयोजित किया जाएगा। कैंप का आयोजन डेरा बाबा जोध सचियार, जीटी रोड, पानीपत में प्रतिदिन सुबह नौ से शाम पांच बजे तक लगाया जाएगा।

### महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** महिला सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम की दिशा में पानीपत पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत महिला थाना व दुर्गा शक्ति पुलिस टीम द्वारा निरंतर स्कूल, कॉलेज, कॉलोनियों व फैक्ट्रियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने मंगलवार को टीम के साथ औद्योगिक सेक्टर 29 में विभिन्न फैक्ट्रियों में पहुंच कर महिला श्रमिकों को कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया।

# माकपा ने लेबर कोड की प्रतियां जला कर जमकर विरोध जताया

- चार लेबर कोड तुरंत वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। माकपा के पदाधिकारी, लेबर कोड की प्रतियां जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

माकपा ने केंद्र सरकार के चार लेबर कोड को श्रमिकों की गुलामी का दस्तावेज करार देते हुए विरोध जताया है।

वहीं, माकपा के जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, सुनील दत्त, जय भगवान, नवीन सपरा, रोहतास बापौली ने कहा कि सरकार ने 29 श्रम कानून को खत्म करते हुए 2020-21 में बड़े पूंजीपति कॉरपोरेट घरानों, विदेशी बहु राष्ट्रीय कंपनियां के लिए लूट और शोषण जारी रखने के लिए बनाए गए थे। लगातार देश की राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन और कर्मचारी फैडरेशन के विरोध के चलते सरकार अब तक इन लेबर कोड नोटिफिकेशन जारी नहीं कर पाए थे। बिहार चुनाव के तुरंत बाद केंद्र सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया माकपा, सरकार के इस निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि चार लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाए।

### दुकान से सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर निवासी अमरजीत पुत्र विजेंद्र की बस अड्डे पर स्थित परचून की दुकान में चोरी ने चोरी कर ली। चोर दुकान से एक गैस सिलेंडर, आठ हजार रुपए नकद और बीड़ी-सिगरेट सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। इधर, अमरजीत की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना निवासी जसवंत पुत्र जिले सिंह के घर से चोरों ने सामान चोरी कर लिया। घटना के समय जसवंत अपने परिजनों के साथ रिश्तेदारों के घर गया हुआ था। इधर, जसवंत की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव शाहपुर निवासी रमेश पुत्र रतन सिंह के घर से चोरों ने सोने की दो अंगूठी, दो झुमके, एक चुटकी, दो मंगलसूत्र, एक लॉकेट तथा चांदी की पाजेब, चुटकी, हाथ फूल और तागड़ी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। वहीं रमेश की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रैप-थ्री की पालना नहीं करने वालों से सख्ती से निपटेगा डीटीपी इंफ़ोर्मेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- डीटीपी एनफोर्समेंट टीम ने कुल 34 साइटों का निरीक्षण किया

जिला नगर योजनाकार(डीटीपी इंफ़ोर्मेंट) विभाग लगातार करवाई के बाद ग्रैप-तीन को लेकर ज्यादा सख्त है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप-थ्री लागू होने के चलते निर्माण गतिविधियों पर निर्धारित प्रतिबंध प्रभावी हैं। इसी संदर्भ में आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ अवैध निर्माण रोकने के उद्देश्य से डीटीपी इंफ़ोर्मेंट पानीपत ने सात टीमें गठित की हैं, जिन्हें यह सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी भी स्थान पर निर्माण गतिविधि पाई जाती है, तो वहां चेतावनी संदेश चस्पा किया जाएगा तथा संबंधित साइट का विवरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आगे की कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाएगा। डीटीपी एनफोर्समेंट सुमित मलिक ने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर निर्माण गतिविधियां पाए जाने पर संबंधित साइटों पर चेतावनी संदेश लगाए जा रहे है और लोगों को ग्रैप-थ्री में लागू नियमों एवं प्रतिबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। डीटीपी एनफोर्समेंट टीम ने कुल 34 साइटों का निरीक्षण किया गया, जहां लोगों को जागरूक किया गया और चेतावनी पत्र चस्पा किए। निरीक्षण के दौरान चिन्हित सभी साइटों का विवरण आगे आवश्यक कार्रवाई हेतु क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेज कर अवैध निर्माण करने वालों पर जुर्माना लगाने के लिए लिखा गया है।

### टोल फ्री किए कनिस सदस्य

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी एंड सुरक्षा वाहन पॉलिसी को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 26 सूत्रीय एजेंडा पर एक एक करके विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। वहीं, उपायुक्त ने टोल प्लाजा संचालकों को निर्देश दिए की जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य से टोल की वसूली ना की जाए।

## प्रतियोगिता | एसडी इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित

# खाद्य पदार्थों से आई संस्कृति व सौहार्द की महक बच्चों को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना उद्देश्य

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे नन्हे-मुन्नों और उनकी माताओं ने विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




- ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वाद और प्रतिभा का संगम प्रस्तुत करते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक जुड़ाव और अनुभवात्मक सीख को भी उत्पन्न करते हैं

एसडी इंटरनेशनल स्कूल में बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह, उमंग और भारत की समृद्ध पाक परंपराओं के साथ आयोजित हुआ। वहीं, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे नन्हें-मुन्नों और उनकी माताओं ने विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर पूरे वातावरण में संस्कृति और सौहार्द की महक भर दी। कार्यक्रम की शुरुआत आनंदमय गतिविधियों, खेलों और मनभावन रैम्प वॉक से हुई। इधर, प्राचार्या ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि बच्चों को हमारी विविध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वाद और प्रतिभा का संगम प्रस्तुत करते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक जुड़ाव और अनुभवात्मक सीख को भी उत्पन्न करते हैं। इधर, सांस्कृतिक व्यंजन प्रतियोगिता में वंदना अविका हफीफा फरीहा डिम्पी रियांश नेहा नव्या मनीषा सान्वी संजू भावनूर अनुपमा विहान नजमा आश्वी अनु, एरिक विजेता रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस दल ने आरोपी गौतम व विशाल को गिरफ्तार किया है। कुराली के जसबीर सिंह ने 24 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23/24 को आरोपी गौतम व विशाल ने उसकी दुकान से नकद राशि व अन्य कीमती सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। नशा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरूरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी भी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगभग प्रत्येक आपराधिक वारदात के साथ नशे का कनेक्शन जुड़ा होता है। इसलिए नशामुक्त व अपराध मुक्त समाज के लिए इस बुराई का पूरी तरह से नष्ट होना जरूरी है।

### योग को बढ़ावा दे रहे दंपत्ति

**नारायणगढ़।** योग कक्षा में पिछले एक वर्ष से नियमित और निरंतर योगाभ्यास कर रही केंद्र प्रमुख मीनाक्षी वालिया व उनके पति अमित वालिया एक प्रेरणादायक योगी दंपति के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इस दंपति ने न केवल स्वयं योग को जीवनशैली के रूप में अपनाया है, बल्कि कई लोगों को योग से जोडक़र समाज में बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मकता फैलाने का प्रशंसनीय कार्य भी किया है। मीनाक्षी वालिया विद्यालय में बच्चों को खेल, व्यायाम और फिटनेस की प्रेरणा देने के साथ-साथ योग कक्षा में भी नियमित रूप से साधकों का मार्गदर्शन करती हैं।

### ट्यूबवेल से स्टार्टर, तार-कॉपर लीड चोरी

**बराड़ा।** गांव तलहेड़ी रागडान में बीती रात चोरों ने ट्यूबवेल से स्टार्टर, ओटोमेटिक, केबल और कॉपर लीड चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित नवीन कुमार ने बताया कि वह जब 24 नवंबर 2025 को अपने ट्यूबवेल के कमरे पर गया तो देखा कि वहां ताला टूटा हुआ है। वहां से स्टार्टर ऑटोमेटिक, केबल और कॉपर लीड गायब थी। पीड़ित ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके का मुआयना जांच शुरू कर दी है।

### गन्ने की पाती को आग न लगाएं

**नारायणगढ़।** सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. अपूर्वा ने गन्ना उत्पादक किसानों से कहा है कि वे गन्ने की फसल की कटाई के उपरांत उसकी (पाती) में आग न लगाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार किसी भी फसल के अवशेष को जलाना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल की कटाई क्षेत्र में शुरू हो चुकी है इसलिए सभी किसान अपने गन्ने की फसल के अवशेषों (पात्ती) को आग न लगाकर उसका उचित प्रबंधन करें। खेतों में फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उरर्वक क्षमता कम होती है व खेत के मित्र कीटों को भी भारी नुकसान होता है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**राजौंद।** गौरव स्कूल रोहेड़ा में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जी की जयंती पर बालसभा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहला स्थान वीर सावरकर सदन , दूसरा स्थान शहीदे आजम भगत सिंह सदन व तीसरा स्थान सुभाष चंद्र बोस सदन ने प्राप्त किया।

### बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दे रही सरकार

**जींद।** सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों, फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार द्वारा बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी दी।

---

शोरूम मालिकों पर अवैध अतिक्रमण करवाकर मोटा किराया वसूलने का आरोप

# चिक मोहल्ले के कॉर्नर पर अवैध अतिक्रमण बन रहा भारी दिक्कत

प्रशासन से जल्द से जल्द अवैध रेहड़ी फड़ी हटाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के निकल्सन रोड़ स्थित चिक मोहल्ले के कॉर्नर पर अवैध रेहड़ी फड़ी की वजह से लोग बेहद परेशान हैं। शाम होते ही मोहल्ले के कॉर्नर पर आसपास के दुकानदार व रेहड़ी फड़ी वाले अपने वाहन पार्क कर देते हैं। यहां हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर अब नगर परिषद को एक शिकायत भेजी गई है। शिकायत में यहां हो रहे अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की गई है। चिक मोहल्ले के रहने वाले विशाल मित्तल की ओर से नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को भेजी शिकायत में बताया कि मोहल्ले की गली के कॉर्नर पर जसवंत सिंह व उसके बेटे भवनीत सिंह ने अवैध अतिक्रमण किया हुआ है। ये लोग अपनी दुकान व मकान के आगे सरकारी सड़क पर अतिक्रमण करवाकर उसका दुरुपयोग कर रहे हैं। मित्तल ने बताया कि ये लोग इस सड़क पर अतिक्रमण करवाकर शाम छह से रात साढ़े 11 बजे तक दिल्ली एगरोल नाम से रेहड़ी फड़ी लगवाकर मोटा किराया वसूल रहे हैं। इस रेहड़ी की वह से यहां शाम को जाम की स्थिति बन जाती है।



अंबाला। चिक मोहल्ले के कॉर्नर पर खड़े वाहनों का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### अतिक्रमण की वजह से सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल

#### मोहल्ले का रास्ता पूरी तरह से बंद

विशाल मित्तल ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से सड़क पर पैदल चलने का भी रास्ता नहीं मिलता। अवैध रेहड़ी के आसपास लगने वाले वाहनों की वजह से मोहल्ले का रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। उसने बताया कि इस रेहड़ी पर लगने वाले वाहनों की वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं। उसने बताया कि अवैध रेहड़ी के जरिए जसंवत व उसका बेटा मोटा किराया वसूल रहे हैं। मित्तल के साथ मोहल्ले के लोगों ने नगर परिषद अधिकारियों से तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर अवैध रेहड़ी हटाए जाने की मांग की है। साथ ही अवैध अतिक्रमण किए जाने पर जसवंत व उसे बेटे के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आग्रह किया है।

#### सियासी रसूख का हवाला देकर धमकी देने का आरोप

मित्तल ने बताया कि एगरोल वाली रेहड़ी के आसपास शराबियों का भी जमावड़ा लग जाता। इसी वजह से मोहल्ले की रहने वाली महिलाओं व युवतियों को यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। मित्तल के साथ मोहल्ले के दूसरे लोगों ने बताया कि रेहड़ी पर आने वाले ग्राहक गलत तरीके से अपने वाहन पार्क कर मोहल्ले का पूरा रासता ही बाधित कर देते हैं। इन लोगों ने बताया कि वे कई बार जसंवत सिंह व उसके बेटे को गली के कॉर्नर से अतिक्रमण हटाने का आग्रह कर चुके हैं। मगर जसवंत सिंह के साथ उसका बेटा भवनीत सिंह सियासी व बदमाशी की धौंस दिखाकर सभी लोगों को धमकियां देते हैं। मित्तल ने बताया कि दोनों पिता पुत्र यहां रेडीमेड कपड़ों का शोरूम चलाते हैं। उसी पर उनका मकान बना हुआ है। उसने बताया कि शाम को ये लोग अपने शोरूम के आगे सरकारी सड़क पर अतिक्रमण करवाकर दिल्ली एगरोल के नाम से रेहड़ी लगवाते हैं। इसी वजह से उनके चिक मोहल्ले का रास्ता पूरी तरह से बाधित हो जाता है। रात साढ़े 11 बजे यही स्थिति बनी रहती है। न तो उस समय कोई मोहल्ले में आ सकता है न ही जा सकता है। कई बार यहां झगड़े हो चुके हैं। जसंवत व उसका बेटा भवनीत सिंह अतिक्रमण का विरोध करने पर उन्हें अपने सियासी रसूख का हवाला देकर धमकियां देते हैं। इसी वजह से पूरे मोहल्ले वाले बेहद परेशान हैं।

---

पांच दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन

## शिव महापुराण एक विलक्षण और दिव्यता से परिपूर्ण ग्रंथ



अंबाला। कथा के दौरान भोजन ग्रहण करते लोग।

■ दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित हुई भगवान शिव की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा अंबाला छावनी के श्री पंचदेव मंदिर में पांच दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया गया। पहले दिन दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री सतप्रेमा भारती ने कहा कि शिव महापुराण एक विलक्षण व दिव्यता से परिपूर्ण ग्रंथ है। भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है।

क्योंकि भगवान भूतों के अधीश्वर साक्षात परमात्मा हैं। जो समस्त जीवों को आत्म ज्ञान देकर ईश्वर से जुडऩे की कला सिखाते हैं। साध्वी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव की प्रभु की प्राप्ति होती है। लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता है। चंचुला नाम की स्त्री को जब संत का संग मिला वह शिव धाम की अनुगामिनी बनी। एक घड़ी के सत्संग की तुलना स्वर्ग की समस्त संपदा से की गई है। संत की कृपा से लंकिनी के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ। संत के चरणों का प्रताप ही ऐसा है कि अहिल्या, शबरी जैसे भक्त इसे प्राप्त कर सहज ही भवसागर से पार हो गये। संत के संग से ही मरूस्थल जीवन में बहार आ जाती है। नीरस जीवन सरस बन जाता है। विकारों से परिपूर्ण हृदय ईश्वरीय भक्ति से भर जाता है। भगवान शिव भी सत्संग का महत्व मां पार्वती को बताते हुए कहते है कि उसकी विद्या, धन, बल, भाग्य सब कुछ निरर्थक है जिसे जीवन में संत की प्राप्ति नहीं हुई। परन्तु वास्तव में सत्संग कहते किसे हैं। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया।

---

## मन्नत अस्पताल के बाहर से 40 सैकेंड में बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छावनी से चोर एक बाइक 30-40 सेंकेंड में चोरी कर फरार हो गया। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी में बाइक चोरी की ये घटना उसमें कैद हो गई। करमदीप नाम के युवक की बाइक सोमवार शाम मन्नत अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई थी। इसकी शिकायत उसने अंबाला छावनी थाने में दर्ज करा दी गई है। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। इसमें चोर का तरीका किसी फिल्मी सीन से कम नहीं लगता। दरअसल सोमवार शाम करमदीप अपनी बाइक मन्नत अस्पताल के बाहर खड़ी करके अंदर गया था। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली। आसपास के लोगों की मदद से सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें एक युवक सड़क पर आता है, सीधे बाइक के पास जाकर उस पर बैठता है। कुछ सेकेंड आस-पास देखने के बाद वह बड़ी सहजता से चाबी लगाता है और मौके का फायदा उठाकर बाइक लेकर फरार हो जाता है। वीडियो फुटेज में नजर आ रहा युवक किसी तरह घबराया हुआ नहीं दिख रहा बल्कि प्रोफेशनल अंदाज में बाइक को स्टार्ट करता है। तेजी से वहां से निकल जाता है। माना जा रहा है कि आरोपी आसपास कई दिनों से नजर रख रहा था।

---

## ऑनलाइन बहुविषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए फाइनल के विशाल ने मारी बाजी

■ श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के आईक्यूएसी के तत्वावधान में पंजाबी विभाग और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन बहुविषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की स्मृति में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से गुरु तेग बहादुर और शहीद भगत सिंह के जीवन और शहादत, खेलकूद, सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं से संबंधित



विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। पहला पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष के विशाल अंटवाल ने जीता। दूसरा पुरस्कार एमए द्वितीय वर्ष (अंग्रेज़ी) की गुरलीन कौर को मिला, जबकि तीसरा पुरस्कार एमए द्वितीय वर्ष (अंग्रेज़ी) की रुशा चटर्जी और बीए तृतीय वर्ष की उर्वशी ने सांझा किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) रमेश परमार ने विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान किए। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजीव राणा, आईक्यूएसी की संयोजक क्यूट खरबंदा तथा पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर गगनदीप कौर ने विजेताओं को बधाई दी।

---

## लाडो लक्ष्मी योजना: पात्र जल्द करवाएं पंजीकरण

■ जिला प्रशासन पात्र महिलाओं को फोन कर जागरूक कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा सरकार द्वारा हाल में ही लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा की गई है। प्रशासन की और से सभी पात्र लाभार्थियों विशेष रूप से माताओं और बहनों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। जिन महिलाओं के नाम सूची में शामिल है, उन्हें फोन काल के माध्मय से सूचित भी किया गया है। अपील की जा रही है कि सभी पात्र महिलाएं अपना पंजीकरण शीघ्रता से पूर्ण करें ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा लगातार पात्र महिलाओं को एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजे जा रहे है। जिन महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा दिया है उन्हें योजना राशि चुनने के लिए संदेश भेजे जा रहे है। क्यूंकि जब तक वे योजना राशि चुनने का काम नहीं करेंगी तक तक आवदेन लंबित रहेगा। लाभार्थी अपना पंजीकरण जिला प्रशासन के माध्यम से नजदीकी सीएससी केंद्रों पर जाकर या लाडो लक्ष्मी मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वंय भी कर सकते हैं। एप का उपयोग आसान है और इसके माध्यम से घर बैठे पंजीकरण संभव है। विभाग द्वारा बताया गया कि अंबाला छावनी एवं अंबाला शहर के बहुत इलाके ऐसे हैं जहां अभी भी बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन लंबित है।

---

## कानूनी अधिकारों के प्रति किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दुर्गा शक्ति टीम में तैनात महिला एचसी नीतु व महिला सिपाही प्रियंका की टीम द्वारा आईजी कालेज में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति एम के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं।



कैथल। छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम। *फोटो :हरिभूमि*

#### दूर्गा शक्ति एप व दूर्गा शक्ति फोर्स तैयार

इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दूर्गा शक्ति ऐप व दूर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है। जो सुचना मिलते ही जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर पीड़ित को सुरक्षा मुहैया करवाती है। इसके अतिरिक्त पढ़ाई करनी वाली छात्राएं व कामकाजी महिलाओ को सुरक्षित उनके घर पर पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू किया गया है। जो छात्राएं व महिलाएं देर रात सुरक्षित सफर करने के लिए 112 डायल करके पुलिस सहायता ले सकती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सुरक्षा का सबसे बड़ा तरीका यह है कि यदि स्कूल या कॉलेज आते-जाते कोई उनका पिछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सुचना दूर्गा शक्ति ऐप या 112 के माध्यम से पुलिस को दें, इस संबंध में आप अपने अभिभावकों या अध्यापकों को भी बताए ताकि आपकी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके।

---

### निकासी नहीं होने से सड़क पर जमा पानी बना परेशानी

**राजौंद।** रोहेड़ा मार्ग पर पानी की निकासी न होने से सारा गंदा पानी सड़क के साथ जमा हो जाता है। इसके अलावा कुछ किसानों की फैसले भी इसकी वजह से खराब हो रही हैं। दूसरा यहां एक प्राइवेट स्कूल भी है जहां सैकड़ो बच्चें शिक्षा ग्रहण करते हैं और उन्हें भी इस पानी की दुर्गंध से परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। मार्ग के साथ लगते घरों से आने वाला सारा पानी यहां एक खाई में जमा हो जाता है जो ओवरफ्लो होकर खेतों के साथ-साथ सड़क पर भी भर जाता है और इससे सड़क भी टूट रही है। दूसरा यहां एक प्राइवेट स्कूल के सामने गंदा पानी होने के कारण विद्यार्थियों को बहुत परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से कई बार मांग की है कि पानी निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था की जाए। लेकिन वही डाक के तीन पात वाली बात बनकर रह गई है।

---

## 16.73 लाख का 70 एमटी धान कम मिला, मिल मालिक पर एफआईआर

■ संचालक इस कमी के बारे में कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी धान की जांच में गड़बड़ सामने आने पर मैसर्स साहब दित्ता मल जीवन दास राइस मिल मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच के दौरान अधिकारियों को 70 मीट्रिक टन धान कम मिला जिसकी कीमत 16.73 लाख रुपये बताई जा रही है। । मिल संचालक इस कमी के बारे में कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। हैफेड के जिला मैनेजर देवेंद्र सिंह की




शिकायत पर नग्गल थाना पुलिस ने मेसर्स साहब दित्ता मल जीवन दास राइस मिल पर बीएनएस में विश्वासघात की धारा 316 (5) व धोखाधड़ी 318 (4) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अपार तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने 22 नवंबर को राइस मिल में फिजिकल वेरिफिकेशन की थी। राइस मिल को सरकार की तरफ से 2545 मीट्रिक टन धान दिया था। इस जांच के दौरान 1872 मीट्रिक टन धान व 603 मीट्रिक टन का चावल मिला है। इसमें 70 मीट्रिक टन धान की कमी पाई गई। कुल 2475 मीट्रिक टन धान व चावल मिला था। जब दस्तावेजों में मिलान किया गया तो वह भी पूरा नहीं पाया गया था। मिल संचालक से भी जब कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला तो यह रिपोर्ट बनाने के बाद एडीसी को सौंप दी गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई।

---

नगर कीर्तन में चित्रा सरवारा पालकी साहब के आगे हुई नतमस्तक

# हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर की शहादत को किया नमन

*पूरा नगर श्रद्धा,समर्पण और आध्यात्मिक भावधारा से सराबोर हो उठा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हिंद की चादर गुरुतेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी दिवस पर मंगलवार को अंबाला छावनी में नगर कीर्तन सजाया गया। नगर कीर्तन यहां के मुख्य बाजारों और गलियों से होकर प्रवाहित हुआ। इस दौरान पूरा नगर श्रद्धा,समर्पण और आध्यात्मिक भावधारा से



अंबाला। पालकी साहिब के आगे नतमस्तक होती युवा नेत्री चित्रा सरवारा।

सराबोर हो उठा। इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर अंबाला की बेटी चित्रा सरवारा ने सुभाष पार्क के पास और सदर बाजार पुलिस क्वार्टर चौक पर अत्यंत सम्मान और विनम्रता के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया। उन्होंने पंज प्यारों को फूलमालाओं व सिरोपा भेंटकर उनको सम्मानित भी किया । इस अवसर पर चित्रा पालकी साहिब के आगे नतमस्तक भी हुई। प्रबंधकों की ओर से चित्रा को गुरुघर का आशीर्वाद सिरोपा भी भेंट किया गया।चित्रा ने गुरूघर की संगतों से भेंटकर उस अमर त्याग-परंपरा को प्रणाम किया, जिसने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित कर दिए। नगर कीर्तन की गति के साथ गुरु की वाणी का गायन माहौल को रूहानी रूप दे रहा था। 'सतनाम' की अनुगूंज पूरे वातावरण में उस शहीदी संदेश को पुनर्जीवित करती रही जो गुरु तेग बहादुर के चरित्र, करुणा,सहिष्णुता और अदम्य साहस का प्रतीक है।

#### गुरु-परंपरा का आगे बढ़ाया

सरवारा ने इस अवसर पर कहा कि गुरुतेग बहादुर का बलिदान भारतीय आत्मा की वह चमक है जो अत्याचार के अंधकार में भी न्याय और धर्म की ज्योति जलाए रखती है। इस पावन क्षण में सिंह एजूकेशन सोसायटी के प्रधान जीवनजोत सिंह सलूजा के साथ साथ समाज के अनेकों गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गुरु-परंपरा की उस मर्यादा,अनुशासन और सेवा-भाव को आगे बढ़ाया जो सिख इतिहास को महान बनाती है। यह नगर कीर्तन न केवल श्रद्धा का उत्सव था, बल्कि उस विचार-धारा की पुनर्पुष्टि भी जिसके अनुसार 'बलिदान केवल घटना नहीं बल्कि मानवता के प्रति एक निरंतर प्रतिज्ञा है।

---

### संगठन ने सूर्यकांत के पदभार ग्रहण करने पर जताई खुशी

**जींद।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकान्त द्वारा 53वें न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करना पूरे देश विशेषकर हरियाणा के लिए गर्व और खुशी का विषय है। ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर किसान छात्र एकता संगठन द्वारा लॉ डिपार्टमेंट के सहयोग से पूरे विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों एवं शिक्षकों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि यह पूरे हरियाणा के लिए गौरव का क्षण है कि पहली बार हरियाणा का कोई व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय के इस गरिमामय पद पर आसीन हुआ है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। छात्र नेता सुमित लाठर ने भी इस खुशी के अवसर पर अपनी बात रखते कहा कि हमने लोकतांत्रिक और सामाजिक मर्यादा में रहते हुए मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है।